**Regarding ensuring facility of ticket counter and other facilities at Mathahi Railway Station-laid**

श्री दिनेश चंद्र यादव **(मधेपुरा) :** बिहार राज्य के पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर अन्तर्गत समस्तीपुर डिविजन के सहरसा से बनमनखी रेलखंड के बीच मठाही स्टेशन मधेपुरा जिला मुख्यालय से सटे है, जिसका निर्माण आजादी के समय मे हीं हुआ था, जो सुविधाओं के लिए तरस रहा है, हालात यह हो गया है कि इस स्टेशन से करीब छह महीनों से टिकट भी नहीं मिल पा रहा है, जिससे आमलोगों को भारी कठिनाई हो रही है । मुझे जानाकारी मिली है कि इस स्टेशन पर रेलवे का कोई कर्मचारी भी नहीं रहता है, जबकि मठाही स्टेशन से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में लोग यात्रा करते हैं । यात्रियों का मानना है कि टिकट नहीं मिलने के कारण वह बिना टिकट के ही यात्रा करते हैं और गंतव्य स्थान पर उतरने के बाद उसे चेकिंग के समय फाईन भी भरना पड़ता है । रेल यात्री बिना टिकट लिये ही यात्रा करने को मजबूर हो जाते है । इससे रेल राजस्व का भी क्षति हो रहा है । आग्रह है कि मठाही स्टेशन पर रेलयात्री को टिकट समेत अन्य सुविधाओं का समूचित व्यवस्था जनहित में कराई जाए ।